समाचार वाणी
ख़बर जो करें असर !

नाशिक | Friday, 25 September 2026

# 1 जुलाई से महंगा होगा ट्रेन सफर ! जाने स्लीपर टिकट पर कितना लगेगा एक्स्ट्रा किराया ।

Publisher

Published on 25 Jun 2025




## बिहार से दिल्ली तक स्लीपर क्लास का टिकट अब 10 रुपये तक महंगा, 1 जुलाई 2025 से लागू होंगी नई दरे ।

**नई दिल्ली, जून 2025:** अगर आप जुलाई में ट्रेन से सफर की योजना बना रहे हैं तो यह खबर आपके लिए बेहद जरूरी है। **भारतीय रेलवे** ने **1 जुलाई 2025** से **स्लीपर क्लास** समेत सभी कैटेगरी में ट्रेन टिकट के किराए में इजाफा करने की घोषणा की है। खासकर **लंबी दूरी की यात्रा** करने वाले यात्रियों को अब अपनी जेब थोड़ी और ढीली करनी पड़ेगी।

रेलवे का कहना है कि यह बदलाव **कोविड महामारी के बाद पहली बार** किया जा रहा है और इसके पीछे कारण हैं — **बढ़ती ईंधन लागत, आधुनिक सुविधाओं की जरूरत**, और **ट्रेनों के रखरखाव का खर्च**।

**स्लीपर क्लास मे कितना बढ़ा किराया ?**
भारतीय रेलवे के मुताबिक, नई किराया दरों में **प्रति 100 किलोमीटर** पर **नॉन-एसी (स्लीपर) कैटेगरी** के यात्रियों को **1 रुपये** ज्यादा देना होगा। वहीं, **एसी क्लास मे 2 रुपये प्रति 100 किलोमीटर** की बढ़ोतरी की गई है।

**उदाहरण के तौर पर :**
**500 किलोमीटर की दूरी** पर स्लीपर में **5 रुपये और एसी मे 10 रुपये** अतिरिक्त लगेंगे।
**1000 किलोमीटर की दूरी** पर स्लीपर में **10 रुपये और एसी मे 20 रुपये** तक ज्यादा देना होगा।

**बिहार से दिल्ली आने पर कितना लगेगा एक्स्ट्रा खर्च ?**

बिहार से दिल्ली की दूरी लगभग **1000 किलोमीटर** मानी जाती है। पहले इस रूट पर **स्लीपर क्लास का टिकट 480 से 540 रुपये** के बीच आता था। अब इसमें लगभग **10 रुपये** की बढ़ोतरी होगी। यानी नई दरों के अनुसार यह टिकट **490 से 550 रुपये** तक हो सकता है।

### रेलवे ने क्यों बढ़ाया किराया ?

भारतीय रेलवे ने टिकट की दरें बढ़ाने के पीछे कई कारण गिनाए हैं:

१. **ईंधन (डीजल और बिजली) की लागत मे लंगातार वृद्धि**
२. **ट्रेनों के रखरखाव और अपग्रेडेशन का खर्च**
३. **यात्रियों को मिलने वाली आधुनिक सुविधाएं**
४. **हाईस्पीड और हाईटेक ट्रेनों की लागत**
५. **रेलवे का मानना है कि बेहतर सेवाएं देने के लिए यह कदम जरूरी था।**

### कब से लागू होंगी नई दरे ?

रेलवे की ओर से स्पष्ट किया गया है कि नई किराया दरें **1 जुलाई 2025** से प्रभावी होंगी। इसका मतलब यह है कि **1 जुलाई** के बाद की गई किसी भी टिकट बुकिंग पर बढ़ा हुआ किराया लागू होगा।

हालांकि, **1 जुलाई से पहले की गई बुकिंग्स** पर यह नई दरें लागू नहीं होंगी।

ऐसी ही देश और दुनिया की बड़ी खबरों के लिए फॉलो करें: www.samacharwani.com

---

DISCLAIMER: the views/contents expressed/presented herein, within this advertorial and promotional feature are the sole and exclusive responsibility of individual clients/expert/their authorised representative/Publisher, to which effect, publication house/its representative/affiliates are not responsible/liable whatsover.